मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
26 अरेरा हिल्स, किसान भवन, भोपाल – 462004

Website : www.mpmandiboard.gov.in E-mail : mdmandiboard@gmail.com Tel: 0755-2553429

क्रमांक/बी–5/2/SWAN/2018–19/1133 भोपाल दिनांक 04 जून 2019

प्रति,

(01) संयुक्त संचालक/उप संचालक,
मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड,
आंचलिक कार्यालय,
भोपाल/इंदौर/उज्जैन/ग्वालियर/सागर/जबलपुर/रीवा (म0प्र0)।

(02) भारसाधक अधिकारी/सचिव,
कृषि उपज मण्डी समिति,
.... जिला ....(म0प्र0)।

विषयः–प्रदेश की कृषि उपज मण्डी समितियों में State Wide Area Network (SWAN) अंतर्गत कनेक्टिविटी प्राप्त करने संबंधी।

संदर्भः–कार्यालयीन पत्र क्रमांक/बी–5/2/SWAN/2018–19/1077 दिनांक 27 फरवरी 2019 एवं पत्र क्रमांक 1119 दिनांक 09 मई 2019।

–0–

उल्लेखित विषय में दिनांक 03 अप्रेल 2019 को Madhya Pradesh SWAN Team एवं मण्डी बोर्ड के अधिकारियों की बैठक प्रबंध संचालक महोदय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई थी जिसमें आपसी सहमति के आधार पर निम्नानुसार निर्देश द्वितीय संदर्भित पत्र से दिये गये हैं :–

(01) अंचल की जिन मण्डियों में स्वॉन कनेक्टिविटी स्थापित हो गई है उनके मण्डी सचिव से कनेक्टिविटी स्थापित होने की एवं क्रियाशीलता की पुष्ठी कराकर मण्डीवार एकजाई पालन प्रतिवेदन उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये थे जिसके प्रतिउत्तर में केवल जबलपुर संभाग के द्वारा ही प्रतिवेदन उपलब्ध कराया गया है जबकि शेष अंचल कार्यालयों से प्रतिवेदन अप्राप्त है।

अतः निर्देशित किया जाता है कि समस्त अंचल प्रभारी अद्यतन स्थिति में अपना प्रतिवेदन 03 दिवस की समय सीमा में अनिवार्य रुप से भिजवायें।

(02) प्रदेश की जिन मण्डी समितियों में State Wide Area Network (SWAN) Connectivity स्थापित होना शेष है, उन मण्डियों में Madhya Pradesh SWAN Team के द्वारा निरीक्षण एवं सर्वे की कार्यवाही पूर्ण कर कनेक्टिविटी स्थापित करने का कार्य प्रगतिरत है।

अतः निर्देशित किया जाता है कि मण्डी में स्वॉन टीम के उपस्थित होने पर आवश्यक सहयोग (वित्तीय नहीं) एवं समन्वय कर स्वॉन कनेक्टिविटी स्थापित एवं क्रियाशीलता सुनिश्चित कराकर इसकी सूचना अपने आंचलिक कार्यालय एवं मण्डी बोर्ड मुख्यालय को यथा समय अनिवार्य रुप से दी जाये।

(03) प्रदेश की जिन कृषि उपज मण्डी समितियों में State Wide Area Network (SWAN) अंतर्गत कनेक्टिविटी प्राप्त हो गई है का उपयोग प्रथम प्राथमिकता के आधार पर किया जाये। यह तीव्र/सुरक्षित कनेक्टिविटी है। पूर्व से स्थापित अन्य सर्विस प्रोवाईडर द्वारा प्रदत्त इंटरनेट सेवा का उपयोग विकल्प के आधार पर किया जाये।

(04) अंचल की जिन मण्डी समितियों में स्वॉन कनेक्टिविटी स्थापित हो गई है उनमें Madhya Pradesh SWAN Team के द्वारा स्थापित RF device उपकरणों के लिये उचित अर्थिंग एवं UPS स्थापित कराने की अपेक्षा की गई है। अतः उपरोक्तानुसार व्यवस्था तत्काल सुनिश्चित करायें।

(डॉ. केदार सिंह)
अपर संचालक
मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल

क्रमांक/बी–5/2/SWAN/2018–19/ 1134 भोपाल दिनांक 04 फरवरी 2019

प्रतिलिपिः–सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

(01) प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश स्टेट इलेक्ट्रानिक्स डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड, स्टेट आई0टी0 सेंटर, 47–ए, अरेरा हिल्स, भोपाल (म0प्र0)।

(02) प्रोजेक्ट डायरेक्टर, State Wide Area Network (SWAN), मध्यप्रदेश स्टेट इलेक्ट्रानिक्स डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड, स्टेट आई0टी0सेंटर, 47–ए, अरेरा हिल्स, भोपाल।

(03) निज सहायक, प्रबंध संचालक के मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल।

(04) अपर संचालक (वित्त), मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल।

(05) श्री शशि के. सिंह, कंसलटेंट, मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल के।

अपर संचालक
मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल